अ.अ.मा.सं. RDSO
रेल अग्रदूत Transforming Railways
www.rdso.indianrailways.gov.in

प्रज्ञप्ति
HIGHLIGHTS

खण्ड–35 Vol. 35 | अंक–1 No. 1 | त्रैमासिक Quarterly | जनवरी–2025 | January-2025

## आर.डी.एस.ओ. में 28 से 30 नवंबर 2024 तक 6 वीं इनोरेल प्रदर्शनी एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन–2024 का आयोजन




6वीं इनोरेल प्रदर्शनी और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2024, आर.डी.एस.ओ. परिसर, लखनऊ में 28 से 30 नवंबर 2024 तक आयोजित किया गया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम रेलवे क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों को एक तटस्थ मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जहां व्यावसायिक नेटवर्किंग, तकनीकी प्रगति और भारतीय रेलवे के लिए विक्रेता आधार के विस्तार पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर ने औपचारिक दीप प्रज्वलित कर किया और छठी इनोरेल प्रदर्शनी के कैटलॉग का अनावरण किया। अपने उदघाटन भाषण में श्री बोरवणकर ने रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग जगत के लोगों का स्वागत किया। उन्होंने आर.डी.एस.ओ. की हाल की उपलब्धियों, चल रही परियोजनाओं और भारतीय रेलवे के लिए विक्रेता आधार का विस्तार करने की पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस क्षेत्र की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने के महत्व पर भी जोर दिया। महानिदेशक महोदय ने 50 से अधिक कंपनी स्टालों का दौरा किया और भारतीय रेलवे में अपनाई जा सकने वाली नवीनतम तकनीकों का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में 100 से अधिक रेलवे और उद्योग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और रेलवे प्रौद्योगिकियों में प्रगति का अनुभव किया।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्यमियों, विक्रेताओं और आम जनता ने भाग लिया, जो व्यावसायिक अवसरों और तकनीकी सहयोग की संभावनाओं का पता लगा रहे थे। इस दौरान कई व्याख्यान और चर्चाएं भी आयोजित की गईं, जिनमें सॉफ्टवेयर और सेंसर आधारित स्थिति निगरानी एवं पूर्वानुमानित रखरखाव और रोलिंग स्टॉक में तकनीकी प्रगति और नवाचार जैसे विषय शामिल थे।




प्रदर्शनी के समापन दिवस, 30 नवंबर 2024 को कई प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों, जैसे श्री संजय कुमार पंकज/एएम (पीयू) और श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आरडीएसओ, ने प्रदर्शनी का दौरा किया। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की और सहयोग के नए अवसरों का पता लगाया।

इस कार्यक्रम में पेशेवरों एवं छात्रों की बड़ी उपस्थिति देखी गई, जिसने इसकी सफलता को और बढ़ा दिया। महानिदेशक महोदय, ने कार्यक्रम के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इसने रेलवे क्षेत्र में नवाचार, उद्योग सहभागिता और उद्यमशीलता विकास को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## आर.डी.एस.ओ. में 01 से 15 अक्टूबर तक 'स्वच्छता पखवाड़ा'–2024 का आयोजन



आर.डी.एस.ओ. में 01 से 15 अक्टूबर तक 'स्वच्छता पखवाडा–2024' मनाया गया। इसी क्रम में श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. ने दिनांक 01.10.2024 को सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। महानिदेशक महोदय एवं आर.डी.एस.ओ. के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रेलवे बोर्ड द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भी हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त जन–जन तक स्वच्छता का सन्देश पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित एक जागरूकता रैली को महानिदेशक महोदय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें मानक नगर इण्टर कालेज के एनसीसी के बच्चों ने सक्रीय रूप से भाग लिया। आर.डी.एस.ओ. के सभी निदेशालयों एवं सभी फील्ड ईकाईयों में भी आर.डी.एस.ओ कर्मियों को उनके नियंत्रक अधिकारियों द्वारा स्वच्छता शपथ दिलवाई गयी।



स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत सफाई और स्वच्छता के महत्व के प्रचार–प्रसार हेतु आर.डी.एस.ओ. में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महात्मा गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में 02 अक्टूबर 2024 को आर.डी.एस.ओ. के लेक पार्क में एक वृहद श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. द्वारा श्रमदान कर इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में आर.डी.एस.ओ. के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया एवं श्रमदान कार्यक्रम को सफल बनाया।

इसके अतिरिक्त महानिदेशक महोदय द्वारा परीक्षण निदेशालय में नैसर्गिक पदार्थो से बनाये गए महात्मा गाँधी के छाया चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर आर.डी.एस.ओ. अस्पताल द्वारा सफाई कर्मियों हेतु स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 सफाई कर्मियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उनके बेहतर भविष्य के लिए एसबीआई बैंक द्वारा कैंप लगाया गया जिसमें 20 रुपए में 2 लाख का बीमा किया गया।

दिनांक 14.10.2024 को सफाई मित्रों के सम्मान में 'कायाकल्प और आत्म–परिवर्तन' पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आर.डी.एस.ओ. के पूर्व एडीजी, श्री यू.एस.पांडे ने "कायाकल्प और आत्म–परिवर्तन" पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया जिसके द्वारा उन्होंने विभिन्न तकनीकों के माध्यम से जीवन की शारीरिक और मानसिक चुनौतियों पर काबू पाने के बारे में बताया। उन्होंने 'सफाई मित्रों' के आत्म–विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया एवं उन्हें अपने अन्दर के मंथन को बाहर निकालने एवं अपनी ताकत को पहचानने के लिए प्रेरित किया।

## महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल ने आर.डी.एस.ओ. का दौरा किया



महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल, श्री मनोज यादव ने दिनांक 17.10.2024 को आर.डी.एस.ओ. का दौरा किया। श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. ने श्री मनोज यादव महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल का स्वागत किया। इस अवसर पर एक सुरक्षा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य सुरक्षा आयुक्त, डॉ. ए. एन. झा द्वारा रेलवे सुरक्षा पर एक प्रस्तुति दी गयी।

श्री मनोज यादव, महानिदेशक/रेलवे सुरक्षा बल ने समीक्षा बैठक के दौरान आर.डी.एस.ओ. परिसर में रेल सम्पत्ति की सुरक्षा से सम्बंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अंपने संबोधन में रेल सुरक्षा से सम्बंधित सुधारात्मक सुझाव दिए। श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. ने भी उपस्थित अधिकारियों को संबोधित किया एवं आर.डी.एस.ओ. में रेल सुरक्षा से सम्बंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। श्री दीपक सिंह चौहान, सहायक सुरक्षा आयुक्त ने आर.डी.एस.ओ. का दौरा करने एवं अपना मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए श्री मनोज यादव, महानिदेशक/रेलवे सुरक्षा बल को धन्यवाद दिया एवं उनके द्वारा दिए गए सुझावों को आर.डी.एस.ओ. की सुरक्षा व्यवस्था में सम्मिलित करने का आश्वासन दिया।

श्री यादव ने आर.डी.एस.ओ. स्थित संकेत, श्रांति परीक्षण एवं एयर ब्रेक प्रयोगशालाओं का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं श्रांति परीक्षण प्रयोगशाला के परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया।

## आर.डी.एस.ओ. में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन




आर.डी.एस.ओ. में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।

सतर्कता सप्ताह का शुभारंभ 28 अक्टूबर 2024 को आर.डी.एस.ओ. के प्रशासनिक भवन में महानिदेशक (विशेष)/इंजीनियरिंग श्री सुरेन्द्र कुमार बंसल द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाए जाने के साथ हुई।

कार्यालय परिसर से परे सतर्कता जागरूकता को और बढ़ावा देने के लिए, मानक नगर रेलवे इंटर कॉलेज के एनसीसी के बच्चों के नेतृत्व में एक जीवंत वॉकथॉन का आयोजन किया गया। अधिकारियों, कर्मचारियों और स्कूली छात्रों ने इस कार्यक्रम में सतर्कता से संबंधित प्रभावशाली नारे और उपाख्यानों को प्रदर्शित करने वाले बैनर और पोस्टर लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य बड़े पैमाने पर समाज में और विशेष रूप से आर.डी.एस.ओ. के सभी अधिकारियों के बीच ईमानदारी की संस्कृति को स्थापित करना था।

वॉकथॉन के अलावा, आर.डी.एस.ओ. अधिकारियों के लिए एक वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय "राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति" था। इस विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने में ईमानदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।




सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में 29 अक्टूबर 2024 को आर.डी.एस.ओ. कर्मचारियों के लिए "राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति" विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही रेलवे नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से अधिकारियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

30 अक्टूबर 2024 को क्षेत्रीय इकाइयों सहित सभी आर.डी.एस.ओ. कर्मचारियों को ईमानदारी का व्यापक संदेश फैलाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अरुण कुमार ने आर.डी.एस.ओ. सतर्कता विभाग का वार्षिक प्रदर्शन प्रस्तुत किया और प्रभावी भ्रष्टाचार रोकथाम के लिए विभिन्न केस स्टडीज और सिस्टम सुधारों का सुझाव दिया।

16 अगस्त 2024 से सतर्कता विभाग आर.डी.एस.ओ. परिसर में व्यापक जागरूकता अभियान चला रहा था, जहां छात्रों को ईमानदारी से जीवन के लिए प्रेरित करने के लिए सभी आर.डी.एस.ओ. स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में वाद–विवाद, प्रश्नोत्तरी और निबंध प्रतियोगिता आदि शामिल थे। इसके अतिरिक्त, सतर्कता विभाग ने अधिकारियों के लिए प्रश्नोत्तरी और वाद–विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया।

## रेलवे बोर्ड के अधिकारियों का आर.डी.एस.ओ. दौरा



सदस्य, अवसंरचना, रेलवे बोर्ड श्री नवीन गुलाटी जी ने दिनांक 21.11.2024 को आर.डी.एस.ओ. का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय रेल के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स एवं उससे जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की, इस बैठक में श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक, आर.डी.एस.ओ. ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए भारतीय रेल से सम्बंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।



इसी क्रम में दिनांक 27.12.2024 को श्री ब्रज मोहन अग्रवाल, सदस्य/ट्रेक्शन एवं रोलिंग स्टॉक, रेलवे बोर्ड की अध्यक्षता में रेलवे बोर्ड, आर.डी.एस.ओ. एवं पीएलडब्लू, पटियाला के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में इलेक्ट्रिक इंजनों एवं ट्रैक्शन इंस्टॉलेशन उपकरणों की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए आधुनिक एवं अभिनव प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों ने ट्रेक्शन रोलिंग स्टॉक के प्रोजेक्ट पर चर्चा की और वर्तमान समस्याओं को



दूर करने के लिए किए जा रहे अभिनव प्रयास एवं विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए आवश्यक मदों पर भी विचार विमर्श किया। एमटीआरएस महोदय ने आर.डी.एस.ओ. की सराहनीय भूमिका पर प्रकाश डाला और नवीनतम परिस्थितियों में आर.डी.एस.ओ. को उचित डिजाइन स्पेसिफिकेशन बनाने के साथ–साथ गुणवत्ता ऑडिट करने पर भी जोर दिया जिससे कि चुनौतीपूर्ण समय में भारतीय रेल को विश्वसनीय एवं त्वरित सेवाएँ प्रदान की जा सकें। इसी क्रम में दिनांक 18.11.2024 को महानिदेशक संरक्षा, रेलवे बोर्ड श्री एच. एस. वर्मा जी ने आरडीएसओ का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय रेल में संरक्षा से सम्बंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की एवं अपने संबोधन में रेल संरक्षा से सम्बंधित सुधारात्मक सुझाव दिए।

## आर.डी.एस.ओ. में भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर जी के 'महापरिनिर्वाण दिवस' का आयोजन




आर.डी.एस.ओ. में दिनांक 06.12.2024 को देश के महापुरुष भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 'महापरिनिर्वाण दिवस' का आयोजन किया गया। समारोह में श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. ने डॉ. अम्बेडकर जी को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री बोरवणकर ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का व्यक्तित्व बहुमुखी प्रतिभाओं का अद्भुत संगम था। बाबा साहब एक कुशल न्यायविद, संविधानवेत्ता, सामाजिक प्रेरणा पुरुष, शिक्षा शास्त्री और राष्ट्रवादी होने के साथ–साथ एक विद्वान साहित्यकार भी थे ।

इसके अतिरिक्त, श्री बोरवणकर ने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए एवं उनके पूर्ण साक्षरता के सपने को पूरा करने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। ऐसा करके ही हम भारतवर्ष के इस महान सपूत बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजली दे सकते हैं।

## आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन



आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक श्री उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में दिनांक 19.12.2024 को आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में महानिदेशक महोदय ने पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार–प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। महानिदेशक महोदय ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया।

आर.डी.एस.ओ. के मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लखनऊ द्वारा आयोजित छमाही बैठक में आर.डी.एस.ओ. को अप्रैल–सितंबर, 2024 के दौरान राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रदत्त द्वितीय पुरस्कार को महानिदेशक महोदय के कर–कमलों द्वारा राजभाषा विभाग को प्रदान किया गया। साथ ही महानिदेशक महोदय द्वारा राजभाषा पत्रिका "मानक रश्मि" का विमोचन किया गया। राजभाषा अधिकारी श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा विषयगत तिमाही की राजभाषा से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। आर.डी.एस.ओ. के श्री प्रवीण कुमार यादव, सहायक डिजाइन इंजीनियर/रेलपथ निदेशालय द्वारा "टर्नआउट के माध्यम से लंबी वेल्डेड रेल की निरंतरता" विषय पर प्रस्तुति राजभाषा में दी गयी।

## आर.डी.एस.ओ में संविधान दिवस का आयोजन




आर.डी.एस.ओ. में दिनांक 26.11.2024 को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री पी.एस. शमी, महानिदेशक (विशेष) वेंडर विकास द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया जिसका उपस्थित आर.डी.एस.ओ. के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अनुसरण किया गया। संविधान दिवस 26 नवम्बर 1949 में भारत के संविधान को अपनाने के सम्मान एवं न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों पर जोर देने हेतु मनाया जाता है।

आर.डी.एस.ओ. के अन्य निदेशालयों एवं कार्यालयों में भी विभाग प्रमुखों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया एवं उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा इसका अनुसरण किया गया।

## आर.डी.एस.ओ. ने आई.आई.एम., लखनऊ के प्रोफेसरों द्वारा "नैतिक प्रबंधन" और "टीम निर्माण" प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया



21 नवंबर, 2024 को आर.डी.एस.ओ. लखनऊ के कार्मिक निदेशालय ने ''टीम निर्माण'' और ''प्रबंधन के नैतिक आयाम'' पर केंद्रित एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका उद्देश्य संगठनात्मक सफलता के लिए आवश्यक कौशल और दृष्टिकोण के साथ कर्मचारियों को सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम में आईआईएम, लखनऊ के दो प्रतिष्ठित प्राध्यापको ने भाग लिया। डॉ. पुष्पेंद्र प्रियदर्शी ने आर.डी.एस.ओ. के नए ऑडिटोरियम और झील पार्क के शांत वातावरण में "टीम निर्माण" पर एक प्रेरक सत्र का संचालन किया। उनके कार्यशाला में इंटरएक्टिव अभ्यास, केस स्टडी और चर्चाओं के माध्यम से टीम की गतिशीलता, विश्वास और प्रभावी संचार को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो उच्च प्रदर्शन के लिए आवश्यक हैं।

इसके अतिरिक्त, प्रोफेसर मायाकांत अवस्थी ने आर.डी.एस.ओ. के नए ऑडिटोरियम में ''प्रबंधन के नैतिक पहलुओं'' पर एक विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया। उन्होंने नेतृत्व में नैतिक निर्णय और सत्यनिष्ठा के महत्व पर जोर दिया और प्रतिभागियों से अपने व्यवसायिक

आचरण में नैतिक सिद्धांतो को शामिल करने का आह्वान किया ताकि संगठन की दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित हो सके। आकर्षित आउटडोर सत्रों और गहन चर्चाओं के संयोजन ने प्रतिभागियों को एक समग्र शिक्षण अनुभव प्रदान किया, जिससे आर.डी.एस.ओ. की कर्मचारी विकास और संगठनात्मक उत्कृष्टता के प्रति आर.डी.एस.ओ. की प्रतिबद्धता को बल मिला।

## आर.डी.एस.ओ. में लैंगिक संवेदनशीलता पर कार्यशाला का आयोजन

आर.डी.एस.ओ. में 'यौन उत्पीड़न रोकथाम सप्ताह' के तहत 6 दिसंबर 2024 को 'लैंगिक संवेदनशीलता' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य कार्यस्थल पर एक सुरक्षित और समावेशी वातावरण बनाने और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।



कार्यशाला की मुख्य वक्ता प्रो. दीपा द्विवेदी, अध्यक्ष, उद्यान विज्ञान विभाग, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, रहीं। प्रो. द्विवेदी ने अपने संबोधन में लैंगिक संवेदनशीलता की आवश्यकता, सहानुभूति के महत्व और एक सकारात्मक कार्यस्थल बनाने में सभी की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम मूल रूप से संविदा कर्मियों के लिये रखा गया था।

इस अवसर पर श्री अमर नाथ दुबे, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी/आर.डी.एस.ओ. ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने आर.डी.एस.ओ. में यौन उत्पीड़न रोकने के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों को एक संवेदनशील और सुरक्षित कार्यस्थल के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## आर.डी.एस.ओ. द्वारा वरिष्ठ पर्यवेक्षकों के लिए लैंगिक संवेदनशीलता पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन




आर.डी.एस.ओ. के सभागार में दिनांक 18.12.2024 को आर.डी.एस.ओ. के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों के लिए लैंगिक संवेदनशीलता पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में लगभग 300 वरिष्ठ पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। यह सत्र आर.डी.एस.ओ. में लैंगिक समानता और संवेदनशीलता पर केंद्रित श्रृंखला का दूसरा व्याख्यान था।

सत्र का संचालन भोपाल स्थित ब्रेन एंड माइंड न्यूरो साइकियाट्री एंड काउंसलिंग क्लीनिक की प्रख्यात परामर्श मनोवैज्ञानिक, सुश्री प्रीति साधु पेंढारकर ने किया। सत्र में विषय की समझ बढ़ाने के लिए व्याख्यान के साथ साथ कुछ गतिविधियाँ भी शामिल थी, इससे प्रतिभागियों को विषय की गहराई से समझ विकसित करने का अवसर मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत आर.डी.एस.ओ. के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, श्री अमरनाथ दुबे के स्वागत भाषण से हुई। आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर ने इस अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

## आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में दिनांक 14.11.2024 को डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, केजीएमयू के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ महानिदेशक आर.डी.एस.ओ., श्री उदय बोरवणकर के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस शिविर में डिपार्मेंट ऑफ ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, केजीएमयू के विभागाध्यक्ष डॉ. तूलिका चंद्रा का नेतृत्व रहा। इस शिविर में आरडीएसओ के कर्मचारियों, अधिकारियों के साथ–साथ महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर ने भी रक्तदान किया एवं अन्य लोगों को भी रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ. कमल किशोर, पीसीएमओ ने भी सभी को रक्तदान हेतु प्रेरित किया। इस शिविर के माध्यम से 39 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया जिसके द्वारा कई जीवन बचाए जा सकते हैं।



आर.डी.एस.ओ. अस्पताल मे दिनांक 18.11.2024 को सर्वाइकल कैंसर एलिमिनेशन डे ऑफ एक्शन मनाया गया। कार्यक्रम मे डॉ. ज्योत्सना ने सर्वाइकल कैंसर के कारण एवं उसके दुष्प्रभाव के बारे में बताया एवं यह भी बताया कि कैसे इस कैंसर से पैप स्मीयर तथा कोलपोस्कोपी करवाकर समय रहते बचाव किया जा सकता है। इसी क्रम में दिनांक 23.11.2024 को वर्ल्ड एंटीमाइक्रोबियल अवेयरनेस वीक, दिनांक 5.12.2024 को ए.आई. आधारित नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन एवं दिनांक 27.12.2024 को टीबी स्क्रीनिंग शिविर (निक्षय शिविर) का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त आर.डी.एस.ओ. अस्पताल द्वारा चार नये अस्पताल, एरा अस्पताल, डॉ. के.एन.एस. मेमोरियल अस्पताल, सीएनएस अस्पताल एवं मैक्स सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल आर.डी.एस.ओ. के अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए सूचीबद्ध किये गए हैं।

**Kind Attention to Our Readers :**

- **The achievements and good work done in or out side RDSO, by all officers and staff are always welcome. They may send their brief write-up with photograph to the editor for inclusion in RDSO Highlights.**
- **The RDSO employees are also welcomed to send achievements/write-up of their wards along with photograph for inclusion in RDSO Highlights.**

**Editor, RDSO Highlights**

Printed at : Prakash Packagers, Lucknow

कार्यकारी निदेशक/प्रशासन, अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, रेल मंत्रालय, लखनऊ द्वारा संपादित एवं प्रकाशित।

RDSO Website http://www.rdso.Indianrailways.gov.in

@RDSOLucknow @RDSOLucknowIR @rdso_lucknow @PublicRelationRDSO LinkedIn www.linkedin.com/in/rdsolucknow